प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान
Institute for **Plasma Research**
भाट, इन्दिरा पुल के निकट, गांधीनगर – ३८२ ४२८ (भारत)
Bhat, Near Indira Bridge, Gandhinagar – 382 428 (India)
Web: www.ipr.res.in

## विज्ञापन सं. 01/2019

प्लाज़्मा अनुसंधान संस्थान (आईपीआर) भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन एक प्रमुख वैज्ञानिक संस्थान है जो बुनियादी प्लाज़्मा भौतिकी, चुंबकीय परिसीमित संलयन और प्लाज़्मा के औद्योगिक अनुप्रयोगों के क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास गतिविधियों के प्रति समर्पित है। आईपीआर, भाट गाँव में स्थित है और गाँधीनगर के सेक्टर 25 में स्थित जीआईडीसी में इसकी प्रयोगशालाओं का विस्तार है और गुवाहाटी में भी इसका एक केन्द्र है।

अत्यधिक प्रेरित और परिणाम उन्मुख उम्मीदवारों से निम्नलिखित प्रोजेक्ट्स में अस्थायी पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है।

**प्रोजेक्ट – ए**

| पद कोड | पद का नाम | पद की संख्या | अनिवार्य योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | दो | इंस्ट्रुमेंटेशन / इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 1 साल का प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव वांछनीय है। |
| 02 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | दो | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 1 साल का प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव वांछनीय है। |
| 03 | प्रोजेक्ट ट्रेड्समेन | एक | इलेक्ट्रिकल ट्रेड में आईटीआई के साथ 1 साल का प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव वांछनीय है। |
| 04 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 1 साल का प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव वांछनीय है। |
| 05 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 1 साल का प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव वांछनीय है। |
| 06 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | इंस्ट्रुमेंटेशन और कंट्रोल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 1 साल का प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव वांछनीय है। |
| 07 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | दो | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |

**प्रोजेक्ट – बी**

| पद कोड | पद का नाम | पद की संख्या | अनिवार्य योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | पांच | बी.एससी (भौतिकी)। |
| 02 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |
| 03 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |

**प्रोजेक्ट – सी**

| पद कोड | पद का नाम | पद की संख्या | अनिवार्य योग्यता और अनुभव |
|---|---|---|---|
| 01 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |
| 02 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |
| 03 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |
| 04 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |
| 05 | प्रोजेक्ट ट्रेड्समेन | एक | इलेक्ट्रॉनिक्स / इंस्ट्रुमेंटेशन में आईटीआई। |

| प्रोजेक्ट – डी | | | |
|---|---|---|---|
| **पद कोड** | **पद का नाम** | **पद की संख्या** | **अनिवार्य योग्यता और अनुभव** |
| 01 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी | एक | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई / बी.टेक। |
| 02 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | बी.एससी (भौतिकी) के साथ 1 साल का एक्सपेरिमेंट्स में अनुभव वांछनीय है। |
| 03 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी | एक | कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में बीई / बी.टेक के साथ लैबव्यु में सोफ्टवेअर प्रोग्रामिंग पर 2 साल का अनुभव वांछनीय है। |
| 04 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी | एक | एम.एससी (भौतिकी)। |
| 05 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स या इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 1 साल का अनुभव इलेक्ट्रॉनिक्स, पीसीबी डिजाइन, एनालॉग और डिजिटल सर्किट का डिजाइन, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स में वांछनीय है। इलेक्ट्रॉनिक सर्किट की समस्या निवारण एक अतिरिक्त फायदा होगा। |
| **प्रोजेक्ट – ई** | | | |
| **पद कोड** | **पद का नाम** | **पद की संख्या** | **अनिवार्य योग्यता और अनुभव** |
| 01 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | कम्प्यूटर विज्ञान / कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में डिप्लोमा। |
| **प्रोजेक्ट – एफ** | | | |
| **पद कोड** | **पद का नाम** | **पद की संख्या** | **अनिवार्य योग्यता और अनुभव** |
| 01 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 2 साल का अनुभव। |
| 02 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 2 साल का अनुभव। |
| 03 | प्रोजेक्ट टेक्नीशियन | एक | इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक आईटीआई (प्रथम श्रेणी) एनसीवीटी / जीसीवीटी / एनटीसी / एनएसी के साथ 2 साल का प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव। |
| 04 | प्रोजेक्ट टेक्नीशियन | एक | वेल्डर आईटीआई (प्रथम श्रेणी) एनसीवीटी / जीसीवीटी / एनटीसी / एनएसी के साथ 2 साल का प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव। |
| 05 | प्रोजेक्ट टेक्नीशियन | एक | इलेक्ट्रीशियन आईटीआई (प्रथम श्रेणी) एनसीवीटी / जीसीवीटी / एनटीसी / एनएसी के साथ 2 साल का प्रासंगिक क्षेत्र में अनुभव। |
| **प्रोजेक्ट – जी** | | | |
| **पद कोड** | **पद का नाम** | **पद की संख्या** | **अनिवार्य योग्यता और अनुभव** |
| 01 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी | एक | भौतिकी / पदार्थ विज्ञान में एम.एससी के साथ 2 साल का अनुभव। |
| 02 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 2 साल का अनुभव। |
| 03 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | दो | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के साथ 2 साल का अनुभव। |
| 04 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी | दो | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीई / बी.टेक के साथ 2 साल का अनुभव। |
| 05 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी | एक | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीई / बी.टेक के साथ 2 साल का अनुभव। |
| 06 | प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक | एक | भौतिकी / पदार्थ विज्ञान में बी.एससी के साथ 2 साल का अनुभव। |

| प्रोजेक्ट – एच | | | |
|---|---|---|---|
| **पद कोड** | **पद का नाम** | **पद की संख्या** | **अनिवार्य योग्यता और अनुभव** |
| 01 | प्रोजेक्ट टेक्नीशियन | दो | प्रशीतन एवं एयर कंडीशनिंग में प्रथम श्रेणी आईटीआई के साथ केंद्रीय एयर कंडीशनिंग संयंत्र, चिलर सहित कूलिंग टावर, पंप, उपकरण, वाल्व और फिटिंग आदि के संचालन में कम से कम **1 साल** का अनुभव। |
| 02 | प्रोजेक्ट टेक्नीशियन | एक | विद्युत में प्रथम श्रेणी आईटीआई के साथ विद्युत पैनल, एएचयू / डीडीसी पैनल आदि के रखरखाव में **1 साल** का अनुभव। |

*** सभी योग्यताएं केवल मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय / बोर्ड / संस्थान से होनी चाहिए। किसी अन्य देश से योग्यता होने पर आवेदक को यूजीसी / एआईयू से समकक्षता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।**

1. **आयु सीमा:** 30 साल। अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांग/ पूर्व-सैनिक उम्मीदवारों के लिए आयु में छूट इस संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार स्वीकार्य है।

2. **अवधि:** यह नियुक्ति 31 मार्च, 2020 तक पूरी तरह से अस्थायी आधार पर होगी या परियोजना के पूरा होने के साथ को-टर्मिनस, जो भी पहले हो।

3. **पारिश्रमिक:**
₹71,000/- प्रति माह (समेकित) प्रोजेक्ट वैज्ञानिक अधिकारी के लिए।
₹44,000/- प्रति माह (समेकित) प्रोजेक्ट वैज्ञानिक सहायक के लिए।
₹26,000/- प्रति माह (समेकित) प्रोजेक्ट ट्रेड्समेन के लिए।
₹26,000/- प्रति माह (समेकित) प्रोजेक्ट टेक्नीशियन के लिए।

4. **चयन प्रक्रिया:** विज्ञापन के संदर्भ में प्राप्त आवेदनों की जांच की जाएगी और आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, श्रेणी आदि जैसे सभी मानदंडों के आधार पर वैध आवेदकों में से शॉर्टलिस्ट किये गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा या / और साक्षात्कार, जो भी लागू हो के लिए बुलाया जाएगा। लिखित और / या साक्षात्कार के लिए उम्मीदवार का चयन मेरिट आधार पर होगा। अंतिम चयन केवल लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के माध्यम से होगा।

## सामान्य जानकारी

1. केवल भारतीय नागरिक आवेदन कर सकते हैं। ऊपर वर्णित रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और संस्थान की वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इसे बढ़ाया / घटाया जा सकता है। विकलांग उम्मीदवारों को भी अनारक्षित कोटा में अपने स्वयं की योग्यता के आधार पर चुना जा सकता है।

2. न्यूनतम योग्यता होने और ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने मात्र से लिखित परीक्षा या / और साक्षात्कार के लिए बुलावा मिले, यह जरूरी नहीं है। कोई भी कारण बताए बिना लिखित परीक्षा या / और साक्षात्कार के लिए किसी भी आवेदक को नहीं बुलाने के सभी अधिकार प्राधिकारियों के पास सुरक्षित हैं। चयन की प्रक्रिया में होने वाले किसी भी विवाद / अस्पष्टता के मामले में संस्थान का निर्णय अंतिम होगा।

3. सरकारी/अर्ध सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत उम्मीदवारों को अपने आवेदन को उचित चैनल के माध्यम से अग्रेषित करना होगा या लिखित परीक्षा या / और साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। संस्थान बिना कोई कारण बताए किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। अधूरे आवेदनों को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जायेगा। कोई अंतरिम पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. समेकित पारिश्रमिक के अलावा, उपरोक्त पद के लिए अंशदायी स्वास्थ्य सेवा योजना के अंतर्गत चिकित्सा सुविधा (केवल स्वयं के लिए), नि:शुल्क परिवहन (सीटों की उपलब्धता के आधार पर) और सब्सिडी युक्त कैंटीन सुविधाएँ दी जाएगी।

5. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता प्राप्त करने के बाद अनुभव प्राप्त किया होना चाहिए। **उम्र, योग्यता, अनुभव आदि के संबंध में योग्यता मापदंड के लिए तारीख 31/01/2019 निर्धारित होगी।**

6. **आईपीआर लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार के संबंध में सभी पत्राचार केवल ईमेल के माध्यम से करेगा और कोई डाक पत्राचार नहीं भेजा जाएगा।**

7. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा और / या साक्षात्कार आदि की तिथियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए नियमित रूप से संस्थान की वेबसाइट पर जाएं।

8. परिशिष्ट / विलोपन / शुद्धिपत्र *(यदि कोई)* केवल संस्थान की वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा। http://www.ipr.res.in/advertisements.html

## आवेदन कैसे करें / HOW TO APPLY

इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे हमारे वेब पेज http://www.ipr.res.in/advertisements.html पर **31/01/2019 (शाम 5 बजे तक)** ऑनलाइन आवेदन करें।

***उम्मीदवारों को इस चरण में संस्थान को आवेदन पत्र की कोई हार्ड कॉपी भेजने की आवश्यकता नहीं है।*** कृपया पूर्ण भरे हुए ऑनलाइन आवेदन पत्र का एक प्रिंट आउट रख लें। जिसे साक्षात्कार के समय स्व-प्रमाणित सहायक दस्तावेजों जैसे आयु प्रमाण, योग्यता, कार्य अनुभव और फोटोग्राफ आदि के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

***कृपया सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन में उचित और सही जानकारी दी गई है जिसे अंतिम माना जाएगा। संस्थान किसी भी तरह की गलत जानकारी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।***

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई भी समस्या होने पर कृपया संपर्क करें – recruitment@ipr.res.in

संस्थान एक ऐसा कार्यबल रखने का प्रयास करता है जो लिंग संतुलन को दर्शाता हो अतः महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी**